श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय

बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल, उत्तराखण्ड–249199

Sri Dev Suman Uttarakhand Vishwavidhyalay

Badshahithaul, Tehri Garhwal–249199

पत्रांक संख्याः 7606 /एस0डी0एस0यू0वी0/Conf./Exam/2023 **दिनांकः 16/11/2023**

अतिआवश्यक/महत्वपूर्ण सूचना

सेवा में,

1. निदेशक, पं0ल0मो शर्मा परिसर, ऋषिकेश।
2. प्राचार्य/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, श्रीदेव सुमन उ0 वि0वि0।

विषयः– दिनांक 19 नवम्बर 2023 तक परीक्षा आवेदन पत्रों को पूरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के क्रम में श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय के अन्तर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेशित एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम व नॉन एन0ई0पी0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करने की तिथि 19 नवम्बर 2023 तक विस्तारित की गई है। **(ध्यातव्य है कि उक्त प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 20 नवम्बर 2023 से प्रारम्भ हो रही है।)**

उपरोक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित /शुल्क जमा करवाये जाने की प्रक्रिया को दिनांक 19 नवम्बर 2023 तक पूर्ण करवाने का कष्ट करेंगे। यदि कतिपय विद्यार्थियों द्वारा शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने से विरत नहीं किया जायेगा एवं विश्वविद्यालय के खाते में सम्बन्धित छात्र–छात्रा द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात ही परीक्षाफल घोषित किया जायेगा।

उपरोक्त सूचना को स्वयं के स्तर से परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के मध्य प्रचारित–प्रसारित करने हेतु सम्बन्धितों को निर्देशित करने का भी कष्ट करेंगे।

16.11.2023

(प्रो0 वी0पी0 श्रीवास्तव),
परीक्षा नियन्त्रक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव मा0 कुलपति, कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।
3. निदेशक, उच्च शिक्षा, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी।
4. कुलसचिव।
5. वरिष्ठ वित्ताधिकारी।
6. सहायक परीक्षा नियन्त्रक मुख्य/व्यावसायिक।
7. प्रभारी डाटा सेन्टर/परीक्षा अनुभाग/गोपनीय अनुभाग।
8. श्री दीपक उपाध्याय प्रोग्रामर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करेंगे।
9. कार्यालय प्रति।

(प्रो0 वी0पी0 श्रीवास्तव),
परीक्षा नियन्त्रक।